**SET – 1**

**Series : SSO/1**

कोड नं.
Code No. **59/1/1**

रोल नं.
**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **27** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **27** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# राजनीति विज्ञान

# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum Marks : 100*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या **1 – 5** तक सभी प्रश्न **एक** अंक के हैं । इन प्रश्नों के उत्तर **20** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **6 – 10** तक सभी प्रश्न **दो-दो** अंकों के हैं । इन प्रश्नों के उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **11 – 16** तक सभी प्रश्न **चार** अंकों के हैं । इन प्रश्नों के उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **17** से **21** तक सभी प्रश्न **पाँच** अंकों के हैं । इन प्रश्नों के उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **21** मानचित्र पर आधारित प्रश्न है । इसके उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या **22** से **27** तक सभी प्रश्न छः अंकों के हैं । इन प्रश्नों के उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

**General Instructions :**

(i) *All questions are compulsory.*

(ii) *Question number 1 – 5 are of* ***one*** *mark each. The answers to these questions should not exceed* ***20*** *words each.*

(iii) *Question number 6 – 10 are of* ***two*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***40*** *words each.*

(iv) *Question number 11 – 16 are of* ***four*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***100*** *words each.*

(v) *Question number 17 – 21 are of* ***five*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***150*** *words each.*

(vi) *Question number 21 is a map-based question. Write its answers in your answer-book.*

(vii) *Question number 22 – 27 are of* ***six*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***150*** *words each.*

1. उत्तरी अटलांटिक सन्धि संघ को पश्चिमी गठबन्धन भी क्यों कहा गया ? **1**

Why was the North Atlantic Treaty Organisation also called Western Alliance ?

2. 'वर्चस्व' का क्या अर्थ है ? **1**

What is meant by Hegemony ?

3. 1971 के चुनावों में इंदिरा गांधी की नाटकीय विजय के लिए कौन सा मुख्य कारक उत्तरदायी था ? **1**

Which major factor was responsible for the dramatic victory of Indira Gandhi in 1971 elections ?

4. भारत के सबसे उत्तरी राज्य के तीन सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों के नाम लिखिए । **1**

Name the three social and political regions of the Northern most State of India.

5. पूर्वोत्तर भारत में सात छोटे-छोटे राज्य क्यों बनाए गए ? **1**

Why were the seven small states created in North-East India ?

6. क्यूबा मिसाइल संकट से क्या अभिप्राय है ? **2**

What is meant by the Cuba Missile Crisis ?

7. सरकार द्वारा प्रदूषण को रोकने तथा पर्यावरण को बचाने के लिए कोई दो उपाय सुझाइये । **2 × 1 = 2**

Suggest any two steps to be taken by the government to check pollution and save environment.

8. "कल्याणकारी राज्य का स्थान बाजार ले रहा है ।" इस परिवर्तन के कारण का विश्लेषण कीजिए । **2**

"Welfare State is getting replaced by market." Analyse the reason for this change.

9. भारत-चीन युद्ध ने प्रतिपक्ष को भी किस प्रकार प्रभावित किया ? **2**

How did the Sino-Indian conflict affect the opposition also ?

10. पहले तीन आम चुनावों में कांग्रेस पार्टी का प्रभुत्व किस प्रकार भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था स्थापित करने में सहायक रहा ? **2**

How did the dominance of Congress Party in the first three general elections help in establishing a democratic set-up in India ?

11. अमरीका और सोवियत संघ की अगुवाई वाले दोनों खेमों से भारत ने दूरी क्यों बनाए रखी ? स्पष्ट कीजिए । **4**

Why did India distance itself from the two camps led by the U.S. and the Soviet Union ? Explain.

12. भारतीय राजनीति में 1989 से हुई किन्हीं चार प्रमुख घटनाओं का वर्णन कीजिए । **4 × 1 = 4**

Describe any four major developments in the Indian politics since 1989.

13. यूरोपीय संघ एक लम्बे समय में आर्थिक संगठन से बदलकर अधिक से अधिक राजनैतिक रूप कैसे लेता गया ? 4

How has the European Union evolved over time from an economic union to an increasingly political one ?

14. हरित क्रांति के किन्हीं दो गुणों और किन्हीं दो अवगुणों को स्पष्ट कीजिए । $2 + 2 = 4$

Explain any two merits and two demerits each of the Green Revolution.

15. संयुक्त राष्ट्र के ढाँचे को बदलने के लिए सुझाए गए उपायों के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए । 4

Critically evaluate the difficulties involved in implementing the suggested reforms to reconstruct the U.N.

16. चिपको आन्दोलन के किन्हीं दो सकारात्मक पक्षों का आकलन कीजिए । $2 \times 2 = 4$

Assess any two positive aspects of the Chipko Movement.

17. दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 + 2 + 2 = 5$

अंतरिम सरकार ने छोटे बड़े विभिन्न प्रकार के आकारों में देश के बँट जाने की सम्भावना के विरुद्ध कड़ा रूख अपनाया । मुस्लिम लीग ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के इस कदम का विरोध किया । लीग का मानना था कि रजवाड़ों को अपनी मर्जी से रास्ता चुनने के लिए छोड़ देना चाहिए । भारत के उप-प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार पटेल ने स्वतंत्रता के बाद के कठिन समय में. अधिकतर रजवाड़ों को समझा-बुझाकर भारतीय संघ में शामिल होने के लिए राजी कर लिया ।

(i) किस सरकार को अंतरिम सरकार कहा गया है ?

(ii) मुस्लिम लीग ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का विरोध क्यों किया ?

(iii) सरदार पटेल की भूमिका को ऐतिहासिक क्यों कहा गया ? स्पष्ट कीजिए ।

Read the passage given below carefully and answer the following questions :

The interim government took a firm stance against the possible division of India into smaller principalities of different sizes. The Muslim League opposed the Indian National Congress and took the view that the States should be free to adopt any course they liked. Sardar Patel, India's Deputy Prime Minister and the Home Minister during the crucial period, immediately after Independence, played a historic role in negotiating with the rulers of Princely States in bringing most of them into the Indian Union.

(i) Which government has been referred to as the interim government ?

(ii) Why did the Muslim League oppose the Indian National Congress ?

(iii) What makes the role of Sardar Patel a historic one ? Explain.

18. दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िये और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1 + 2 + 2 = 5**

नई कांग्रेस के पास कुछ ऐसा था जो इसके विरोधियों के पास नहीं था - इसके पास एक मुद्दा, एक कार्यक्रम और एक सकारात्मक नारा था । 'महागठबन्धन' के पास कोई मज़बूत राजनीतिक कार्यक्रम नहीं था । इन्दिरा गांधी ने कहा था कि 'विपक्षी गठबंधन' के पास एक सांझा कार्यक्रम है 'इन्दिरा हटाओ' । इसके विपरीत, उसने एक सकारात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जो 'गरीबी हटाओ' के प्रसिद्ध नारे से अभिव्यक्त होता था ।

(i) कौन सी कांग्रेस को 'नई कांग्रेस' कहा गया है ?

(ii) गरीबी हटाने के लिए इन्दिरा गांधी द्वारा उठाए गए किन्हीं दो कदमों को उजागर कीजिए ।

(iii) 'विपक्षी गठबंधन' को 'महागठबंधन' कहना कहाँ तक न्यायसंगत है ?

Read carefully the passage given below and answer the following questions :

The New Congress had something that its big opponents lacked – it had an issue, an agenda and a positive slogan. The Grand Alliance did not have a coherent political programme. Indira Gandhi said that the opposition alliance had only one common programme 'Indira Hatao'. In contrast to this, she put forward a positive programme captured in the famous slogan 'Garibi Hatao'.

(i) Which Congress is being referred to as 'the New Congress' ?

(ii) Highlight any two steps taken by Indira Gandhi to remove poverty.

(iii) How far is it justified to call the 'opposition alliance' as the 'Grand Alliance' ?

19. नीचे दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िये और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1 + 2 + 2 = 5**

शीत युद्ध सिर्फ ज़ोर-आज़माइश, सैनिक गठबन्धन अथवा शक्ति संतुलन का मामला भर नहीं था बल्कि इसके साथ-साथ विचारधारा के स्तर पर भी एक वास्तविक संघर्ष जारी था । विचारधारा की लड़ाई इस बात को लेकर थी कि पूरे विश्व में राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक जीवन को सूत्रबद्ध करने का सबसे बेहतर सिद्धान्त कौन सा था ।

(i) युद्ध जैसी परिस्थिति को शीत युद्ध क्यों कहते हैं ?

(ii) प्रतिद्वंद्वियों में शक्ति संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक महाशक्ति द्वारा किए गए एक-एक सैनिक समझौते की पहचान कीजिए ।

(iii) विरोधी गुटों द्वारा अपनाई गई विचारधाराओं में अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

Read carefully the passage given below and answer the following questions :


The Cold War was not simply a matter of power rivalries, military alliances and of balance of power. These were accompanied by a real ideological conflict as well, a difference over the best and most appropriate way of organizing political, economic, and social life all over the world.

(i) Why is a war-like situation called Cold War ?

(ii) Identify one military pact each signed by each of the two super powers to balance the power rivalries.

(iii) Differentiate between the ideologies represented by the rival blocs.

20. नीचे दिए गए कार्टून का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2 + 1 + 2 = 5**




(i) यह बलिष्ठ सैनिक कौन से देश का प्रतिनिधित्व करता है ?

(ii) सैनिक की वर्दी पर इतने देशों के नाम क्यों लिखे गए हैं ?

(iii) यह कार्टून अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को क्या संदेश देता है ?

Study the cartoon given above and answer the following questions :

(i) Which country is represented by this mighty soldier ?

(ii) Why have the names of so many countries been written on the uniform of the soldier ?

(iii) What message does this cartoon convey to the international community ?

**नोट :** यह प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या **20** के स्थान पर है । **2 +1 + 2 = 5**
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

20.1. इराक पर आक्रमण के बारे में संयुक्त राष्ट्र का क्या दृष्टिकोण था ?

20.2. संयुक्त राज्य अमरीका ने इराक पर आक्रमण क्यों किया ?

20.3. इराक पर किया गया आक्रमण कहां तक न्यायसंगत था ?

**Note :** This question is for the visually impaired candidates in lieu of Q. No. **20.**


Answer the following questions :

20.1 What was the stand taken by the United Nations on the Iraq invasion ?

20.2 Why did the U.S.A. attack on Iraq ?

20.3 How far is the invasion on Iraq justified ?

21.




भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में, पाँच राज्यों को (A), (B), (C), (D) तथा (E) द्वारा दर्शाया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर उन्हें पहचानिए तथा उनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर को अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए । **5 × 1 = 5**

(i) वह राज्य जहाँ से भारत के प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल, सी. राजगोपालाचारी का संबंध था ।

(ii) वह राज्य जहाँ ई.एम.एस. नम्बूदरीपाद ने पहली गैर-कांग्रेसी सरकार बनाई ।

(iii) वह राज्य जहाँ केंद्रीय खाद्य एवं कृषि मंत्री (1952-54), रफी अहमद किदवई रहते थे ।

(iv) 1965-67 के बीच सर्वाधिक विकराल खाद्य संकट को झेलने वाला राज्य ।

(v) डेयरी सहकारी आंदोलन के माध्यम से देश में श्वेत क्रांति लाने वाला राज्य ।

In the outline political map of India given above, five States have been marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ and Ⓔ. With the help of the information given below, identify them and write their correct names in your answer book along with the serial number of the information used and the related alphabet in the map.

(i) The State to which C. Rajagopalachari, the first Indian Governor-General of India, belonged.

(ii) The State where the first non-Congress Government was formed by E.M.S. Namboodiripad.

(iii) The State to which Rafi Ahmed Kidwai, the Union Minister for Food and Agriculture (1952-54) belonged.

(iv) The State which faced the most acute food crisis in 1965-1967.

(v) The State which led the country to White Revolution through Dairy Cooperative Movement.

**नोट :** यह प्रश्न दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या **21** के स्थान पर है । **1 + 2 + 2 = 5**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

21.1. स्वतंत्रता के समय भारत में रजवाड़ों की संख्या कितनी थी ?

21.2. राज्य पुनर्गठन आयोग कब बनाया गया और इसने अपनी रिपोर्ट में क्या प्रमुख सिफारिश की ?

21.3. ऐसे चार राज्यों के नाम लिखिए जो पहले असम का भाग थे ।

**Note :** The following question is for visually impaired candidates in lieu of Q. No. **21**.

Answer the following questions :

21.1 How many Princely States were there in India at the time of independence ?

21.2 When was the State Reorganisation Commission appointed and what was its major recommendation ?

21.3 Name the four States which were earlier a part of Assam State.

22. सुरक्षा परिषद की नई सदस्यता के लिए 1997 के बाद सुझाए गए किन्हीं छ: मानदण्डों का वर्णन कीजिए ।

**6 × 1 = 6**

**अथवा**

सुरक्षा से क्या अभिप्राय है ? भारत की सुरक्षा संबंधी रणनीति के किन्हीं चार घटकों का उल्लेख कीजिए ।

**2 + 4 = 6**

Describe any six criteria for the new membership of Security Council as suggested after 1997.

**OR**

What is meant by Security ? Mention any four components of Indian security strategy.

23. सोवियत संघ के विघटन के लिए उत्तरदायी किन्हीं छः कारणों का वर्णन कीजिए । **6 × 1 = 6**

**अथवा**

नव अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था से क्या अभिप्राय है ? वैश्विक व्यापार प्रणाली में सुधार लाने के लिए अंकटाड द्वारा 1972 में प्रस्तावित किन्हीं चार सुझावों का उल्लेख कीजिए । **2 + 4 = 6**

Describe any six factors responsible for the disintegration of U.S.S.R.

**OR**

What is meant by New International Economic Order ? Mention any four reforms of the global trading system proposed by UNCTAD in 1972.

24. वैश्वीकरण की व्याख्या कीजिए । प्रौद्योगिकी ने किस प्रकार वैश्वीकरण को बढ़ावा देने में योगदान दिया है ? **2 + 4 = 6**

**अथवा**

'विश्व की सांझी सम्पदा' का अर्थ स्पष्ट कीजिए । पर्यावरणीय चिन्ता के मुद्दे किस प्रकार वैश्विक राजनीति में महत्त्वपूर्ण होते जा रहे हैं ? **2 + 4 = 6**

Explain globalisation. How has technology contributed in promoting globalisation ?

**OR**

Explain the meaning of 'global commons'. How are environmental concerns becoming important in global politics ?

25. विश्व राजनीति में अमरीकी वर्चस्व के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन कारकों का परीक्षण कीजिए । **3 × 2 = 6**

**अथवा**

भारत के बांग्लादेश के साथ सकारात्मक तथा नकारात्मक सम्बंधों का आकलन कीजिए । **3 + 3 = 6**

Examine any three factors responsible for the US hegemony in the world politics.

**OR**

Assess the positive and negative aspects of India's relations with Bangladesh.

26. मान लीजिए आप किसान आन्दोलन के एक प्रमुख नेता है । सरकारी अधिकारियों ने आप से किसानों की ओर से कोई तीन मांगे प्रस्तुत करने को कहा है । प्राथमिकता के आधार पर, आप कौन सी तीन मांगे प्रस्तुत करेंगे ? अपनी मांगों के पक्ष में उपयुक्त तर्क दीजिए । **3 × 2 = 6**

**अथवा**

2014 के आम चुनावों में लोगों ने केंद्र में स्थिर सरकार के पक्ष में मतदान किया । आपके विचार में क्या गठबन्धन की सरकारों का युग समाप्त हो गया है ? अपने उत्तर के पक्ष में उपयुक्त तर्क दीजिए । **6**

Suppose you are an important leader of the Farmers' agitation. The government authorities ask you to present any three demands on behalf of the farmers. On priority basis, which three demands will you make ? Support your demands with appropriate arguments.

**OR**

In 2014 elections, people have voted for a stable government at the Centre. Do you think that the era of coalition has ended ? Support your answer with suitable arguments.

27. 1975 के आपातकाल से सीखे किन्हीं तीन पाठों का विश्लेषण कीजिए । **3 × 2 = 6**

**अथवा**

1970 के प्रारंभिक वर्षों में, इंदिरा गांधी की सरकार की लोकप्रियता बढ़ाने वाले किन्हीं तीन प्रमुख कारकों का विश्लेषण कीजिए । **3 × 2 = 6**

Analyse any three lessons learnt from the emergency of 1975.

**OR**

Analyse any three major factors which led the popularity of Indira Gandhi's Government in the early 1970s.

---